(a) whether it is a fact that Madras High Court in its trendsetting judgement has ordered the Apollo Hospital in Madras to pay huge compansation to Arjuna Award Winner V. Chandrashekhar;

(b) if so, the details thereof: and

(c) whether Government have a plan to cover the doctors under the Consumer Protection Act?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) and (b) Since matters relating to Apollo Hospital are not the direct concern of the Govt, of India, the information is not available.

(c) The National Consumer Disputes Redressal Commission, set up under the Consumer Protection Act, 1986 has given a decision that the services rendered by private medical practitioners which have been hired for consideration are covered under the Act.

धूम्रपान जन्य रोगों के कारण होने वाली मौतें

3968. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :**
श्री राम सिंह राठवा :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में प्रतिवर्ष धूम्रपान जन्य रोगों के कारण कुल कितने लोगों की मृत्यु होती है:

(ख) तम्बाकू के सेवन से कौन से अन्य जानलेवा रोग होते है;

(ग) क्या सरकार ने इस कारण से प्रतिवर्ष होने वाली मौतों की राज्यवार संख्या के संदर्भ में कोई सर्वेक्षण करवाया है;

(घ) सरकार ने इस जानलेवा रोग से पीड़ित रोगियों की चिकित्सा के लिए क्या कोई विशेष प्रबन्ध किया है; इस रोग पर नियंत्रण पाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) अनुमान है कि भारत में तम्बाकू जनित रोगों के कारण प्रतिवर्ष 8 लाख से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु होती है ।

(ख) तम्बाकू के उपयोग से विभिन्न प्रकार का कैंसर हृदयवाहिका रोग, पुराने अवरोध फेफड़ों के रोग और इसी प्रकार के अन्य कई रोग हो सकते हैं ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) और (ङ) ऐसे रोगों से पीड़ित रोगियों के उपचार के लिए सभी बड़े सरकारी अस्पतालों में सुविधाएं उपलब्ध हैं । भारत सरकार ने देश के विभिन्न भागों में कैंसर के उपचार की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए योजनाएं शुरू की हैं । तम्बाकू के प्रयोग के विरुद्ध स्वास्थ्य शिक्षा का भी प्रचार किया जाता है ।

Production of Hazardous Products in the Country

3969. SHRI ANANT RAM JAISWAL:
SHRI DIGVIJAY SINGH:

Will the Ministerof HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) whether Government are aware of the recent revealation of the I. C. M. R. Survey regarding excessive level of cancer causing fungal product in cereals and toxic metals in various food products;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what steps are contemplated by Government to check such hazardous products in the country?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) to (c) The Indian Council of Medical Research (ICMR) have reported that they have undertaken a multicentric study on "Surveillance of Food contaminants in India". The study indicated contamination of certain cereals like groundnut and maize, bovine milk, infant foods, canned fruits, turmeric etc. and in the case of infant foods and bovine milk the level of residues was relatively high. However, further studies have been recommended as the Surveys could not come to a definite conclusion due to inherent limitations. The Director General of Health Services has also been asked to review the matter.

डिटर्जेन्ट में नमक मिलाता है हिन्दुस्तान लीवर

3970. **श्री आनन्द प्रकाश गौतम : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) क्या सरकार का ध्यान लखनऊ से प्रकाशित होने वाले 30 अप्रैल, 1992 के "नवभारत टाइम्स" में "डिटर्जेन्ट में नमक मिलता है हिन्दुस्तान लीवर" शीर्षक से छपे समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां; तो क्या सरकार ने इस संबंध में जांच कराने हेतु कोई प्रयास किया है;

(ग) यदि हां, तो उसके क्या निष्कर्ष निकले हैं और इस अवैध व्यापार, जिससे ग्राहकों को ठगा जा रहा है और जिससे